# अभिभाषक संघ अलीराजपुर के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**अलीराजपुर।** अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2025 से 2027 के लिए चुनाव स्थानीय अभिभाषक सभा कक्ष में निर्वाचन अधिकारी, अधिवक्ता राजेश सिंह राठौर, सहायक निर्वाचन अधिकारी अभिषेक वाणी एवं चितवन गेहलोत की उपस्थिति में संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजेश सिंह बी.वाघेला (छकतला), राजेंद्र कुमार वाणी उपाध्यक्ष, राहुल कुमार परिहार सचिव, सुश्री रौनक सोमानी सह-सचिव, सर्वेश सिसोदिया कोषाध्यक्ष, मनोनीत किए गए।, साथ ही कार्यकारिणी में श्रीमती अंतिमबाला वास्केल, सुश्री प्रियल तोमर को मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचित होने पर अभिभाषकगण सर्वश्री अनूप शर्मा, दशरथ सिंह चंदेल, राजेंद्र सिंह परिहार, विजय गेहलोत, रमण सिंह सोलंकी, भरत राठौड़, सुरेश माहेश्वरी, रजनीकांत वाणी, योगेंद्र वाणी, अनवर जावेद खान, जितेन्द्र वाणी, यशपाल वाघेला, श्रीमती उमा परिहार, ललित मोदी, ज्ञानेश्वर परिहार, अशोक सिंह सोलंकी, अनिल श्रीवास्तव, अजय गेहलोत, अशोक गेहलोत, मसूद अख्तर कुरैशी, नानला किराड़, श्रीकांत बाहेती, कमलेश वाणी, जुनैद कुरैशी, सुधीर मोदी, आकाशदीप राठौड़, मधुर गुप्ता, हिमांशु चंदेल, फैसल जावेद खान, श्रीमती दीपिका रावत, अंकित मौर्य, श्रीमती अंजली तिवारी, सुरेन्द्र डावर, शुभम तोमर, सुरेन्द्र परिहार, राहुल सवनेर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।




# हिन्दू नववर्ष पर महाराष्ट्रीयन परिवारों ने घर पर बांधी गुढ़ी

## ब्राह्मण समाज ने मुख्य चौराहों पर राहगीरों को चन्दन तिलक लगाकर दी नए वर्ष की शुभकामनाएं

**बड़वाह।** हिन्दू नववर्ष को लेकर नगर में रविवार सुबह काफी उत्साह देखने को मिला।विभिन्न समाज एवं संस्थाओं द्वारा अलग-अलग तरीके से पूरे उत्साह के साथ नववर्ष मनाया गया।तो वही नववर्ष पर घरो में गुड़ी स्थापित कर पूजा की गई।सर्व ब्राम्हण महासभा के सदस्यों ने हिंदू नववर्ष के अवसर पर मुख्य चौराहे स्थित राहगीरों को चन्दन का तिलक लगाकर नए वर्ष की बधाई दी।इस दौरान उन्हें प्रसाद भी वितरित किया गया।सुबह 9 बजे समाजजनो ने मुख्य चौराहे के समीप मंच लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन संस्कृति की झलक भी देखने को मिली।पूजन अर्चन कर गुड़ी स्थापित की गई।सर्वब्राम्हण महासभा अध्यक्ष राजेंद्र जोशी सहित दिलीप शर्मा, प्रवीन शर्मा ,राजेंद्र पण्डित, विजय व्यास,राजा शर्मा ने सबको नये वर्ष की बधाई दी।इस दौरान मंच पर स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही।भगवान के पूजन अर्चन के बाद उपस्थित विप्र जनों ने बाईक सवारों एवं राहगीरों को तिलक लगाकर उन्हें नववर्ष की बधाई दी।सुबह 11 बजे तक यह क्रम चलता रहा।




महाराष्ट्रीयन परिवारों में भी मनाया गुड़ी पड़वा पर्व- गुड़ी पड़वा का पर्व महाराष्ट्रीयन परिवारों में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।अर्चना सुबोध आरस ने बताया की इस दिन सुबह से ही गुड़ी बनाकर घर के मुख्य द्वार पर लगाई जाती है। गुड़ी सुख समृद्धि एवं वैभव का प्रतीक होती है । इसे लगाकर पूजन कर कामना की जाती है,कि वर्ष भर पूरे परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि बनी रहे। साथ ही घर में विशेष साज-सज्जा कर एक दूसरे को तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी जाती है । वही श्रीखंड एवं पूरन पोली का भोग भी लगाया जाता है। उलेखनीय है कि इस उपलक्ष में शिक्षक संघ ने भी तिलक लगाकर नववर्ष की बधाई दी । इस मौके पर सुबह 7-30 बजे शहर के जय स्तंभ चौराहा पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील एवं ब्लॉक इकाई बड़वाह द्वारा जेष्ठ एवं श्रेष्ठ माननीय नागरिकों को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान से स्वागत किया गया।

# घर घर जाकर तिलक लगाकर ध्वजा फहराकर किया नवसंवत्सर का स्वागत



**कसरावद।** चैत्र नवरात्रि से शुरू होने वाले नये वर्ष के आगमन का स्वागत करते हंगर के हरसिद्धिधाम कॉलोनी में रहवासी संघ अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह ठाकुर , आशीष जोशी,एडव्होकेट दीपक सिंह सोलंकी, कमल पटेल शिक्षक, दिनेश सिसोदिया ने घर घर जाकर तिलक लगाकर गुड़ चना की प्रसादी देकर शुभकामनाएं दी और बड़ों का आशीर्वाद लिया। ठाकुर हेमेंद्रसिंह सोलंकी ने कहा कि हिन्दू धर्म मे बच्चा बच्चा अपने धर्म ग्रंथ का सम्मान करें। मातापिता बच्चो को अच्छे संस्कार दे।

# भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में हुआ सूर्य उपासना कार्यक्रम

## सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित नाट्य मंचन किया गया, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने की ब्रह्म ध्वज की स्थापना

**मंदसौर( इन्दौर समाचार)** भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हाल में प्रातः 9 बजे सूर्य उपासना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने भगवान पशुपतिनाथ की पूजन अर्चन के साथ किया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने ब्रह्म ध्वज की स्थापना की। इस अवसर पर डीएफओ श्री संजय रायखेरे, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, मंदसौर एसडीएम, सभी जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी, बड़ी संख्या में दर्शक, पत्रकार मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री गुप्ता ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि श्रृष्टि के प्रारंभ के इस दिवस को कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया है। हमारा हजारों साल पुराना इतिहास है। वर्ग भेदों से ऊपर उठकर हम भारतीय बात करते हैं। गंगा शुद्धिकरण का बड़ा अभियान देश में आया था, उसके पश्चात अब जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार होगा। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि आज के ही दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की स्थापना की थी। आज से विक्रम संवत आरंभ हो रहा है और आज के दिन से ही प्रकृति भी अपना नया रूप धारण करती हैं। आज से ही पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हुआ है। आज के ही दिन विक्रम संवत 2082 का शुभारम (नववर्ष प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा) ईसवी कलैण्डर 30 मार्च 2025 को हो रहा है। सूर्य उपासना कार्यक्रम में प्रस्तुति दल द्वारा मंच पर ब्रह्म ध्वज का वंदन किया गया। विक्रम संवत भारतीय कालगणना पर केंद्रित जानकारी भी प्रदान की गई। सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य का मंचन किया गया। नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन नाट्य दल निर्देशन श्री नन्दन चावडा, प्रस्तुति संवाद क्रिएटिव कम्युनिकेशन चिल्ड्रनस वेलफेयर सोसायटी, उज्जैन द्वारा किया गया।

# पीडित परिवार की सहायता के लिये जिला जनपद सदस्य पहुंचे



**मनावर से बसन्त जख्मी,** ग्राम पंचायत पचखेड़ा के जुलवानिया में किसी अज्ञात कारण के चलते कुंवर सिंह पिता छतरसिंह के मकान में आग लग गई। जब कुंवर सिंह ने बताया कि उनके मकान में रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। इसके बाद मनावर जिला पंचायत सदस्य गणेश जर्मन ने वहां पहुंचकर जानकारी ली। साथ में पीड़ित परिवार को राशन सामग्री दी। सरपंच मुकेश जर्मन ने बर्तन देने का आश्वासन दिया। राजस्व विभाग एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को उचित कार्रवाई कर पंचनामा बनाने तथा शासन की ओर से मुआवजा दिलाने का कहा। याद रहे जिला जनपद सदस्य गणेश जर्मन द्वारा अपने क्षेत्र से बाहर भी मनावर विधानसभा के जनता की पीड़ितों की मदद करने में हमेशा सबसे आगे रहते हैं चाहे वह हिंदू धर्म की कावड़ यात्रा हो या अन्य कोई भी धार्मिक कार्यक्रम।

# शनिश्चरी अमावस्या पर मुनिसुव्रतस्वामी जिनालय में हुए विविध आयोजन

**राणापुर गुरु महेश जैन।** श्री मुनीसुव्रत स्वामी जिनालय राणापुर में शनिश्चरी अमावस्या के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन हुए । सुबह पक्षाल,केसर पूजन, पुष्प पूजन एवम आरती आदि के चढ़ावे हुए । समाजजनों ने उत्साह के साथ लाभ लिया । परमात्मा श्री मुनिसुव्रत स्वामी जी के अभिषेक,केसर पूजन एवं आरती का लाभ लवनेश लक्की जैन ने लिया । मगंल दीवा का चढ़ावा प्रियंक अप्पू शैतानमल जी कटारिया ने लिया । वहीं गुरुदेव राजेंद्र सुरीश्वरजी के अभिषेक ,केसर पूजन एवं आरती लाभ नीलेश सालेचा ने लिया । ललित जैन ने बताया कि शास्त्रों में शनिश्चरी अमावस्या को भगवान श्री मुनिसुव्रत स्वामी जी को मरवाह के पुष्प अर्पण करने का बड़ा महत्व है । जिसका लाभ नीलेश सोहनलाल जी कटारिया ने लिया । स्नात्र पूजन अभय फतेहचंद कटारिया की और से पढ़ाई गई । कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सालेचा ने किया ।

# जिले में लक्ष्य विकेंद्रित प्लानिंग - सीईओ






**शाजापुर, निप्र।** जिले में आमजनों में योजनाओं की सुगमता को बेहतर करने के लिए लक्ष्य विकेंद्रित प्लानिंग, प्रगति रिपोर्टिंग और कार्य-आधारित अकाउन्टिंग में बेहतर पारदर्शिता लाने का जिले के अठतालीसवे वें जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ संतोष टैगोर द्वारा प्रयास किया जाता रहा है। उन्हौने पंचायत एवं ग्रामीण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों सहित विभिन्न विभागो द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति लाने के लिए लगातार निर्देशित किया जाता रहा है और ग्रामीण इलाकों के विकास हेतु संचालित कार्यों को तेज गति से करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाती रही है। जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप दैनिक प्रगति मे सुधार व भौतिक प्रगति की समीक्षा भी कि जाती रही है। उनके द्वारा आमजनों से प्राप्त् होने वाले आवेदन,जल जीवन मिशन के अन्तवर्गत गॉवो में जो सी.सी रोड मरम्मात होना थी वह मरम्मीत की गई है या नही इसकी जानकारी, सीएम हेल्पिलाईन का अधिक से अधिक निराकरण करवाने, आयुष्मान कार्ड, निर्माण श्रमिक कार्ड, संबल, पेंशन, दिव्यांग आदि के प्रासत आवेदन का समय सीमा में निराकरण करनें के निदेश दिये जाते रहे है। जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत एवं मौलिक सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अद्योसंरचना निर्माण के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए लगातार निर्देश दिये जा रहे है। कार्यालय की दीवारों ने देखी है आपकी मेहनत अब देखेगा जहां आपका आनंद जो ख्वाब अधूरे है अब होगे पूरे। जिला पंचायत सीईओ श्री टेगोर का मानना है कि काम करो ऐसा कि एक पहचान बन जाए, हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाए,यहां जिंदगी तो हर कोई काट लेता है,जिंदगी जियो इस कदर कि मिसाल बन जाए।

# 1100 भव्य कलश ओर शोभायात्रा के साथ 9 दिवसीय शिवकथा का हुआ शुभारम्भ

## आचार्य जैमिन शुक्ल के मुखारविंद कथा पुराण का हुआ भव्य स्वागत




**थांदला (मनोज उपाध्याय)। ,, विक्रम संवत हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ ओर श्री रामनवमी के पावन उपलक्ष्य में श्री सलारेश्वर धनेश्वर महादेव मंदिर लबाना समाज ग्यारह गोत्र सेवा संस्थान एवम सनातन धर्मप्रेमी -पीठ जिला डूंगरपुर राजस्थान के तत्वावधान में 30 मार्च रविवार से 07 अप्रेल सोमवार तक भव्य शिव कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।**



**कथा व्यास आचार्य जैमिन जी शुक्ल के मुखारबिंद से बहेगी धर्म गंगा-** उक्त भव्य शिव कथा प्रसिद्ध विद्वान, आचार्य,पंडित कथा व्यास आचार्य जैमिन जी शुक्ल के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 11 से 03 बजे तक होगी ।

**भव्य कलशयात्रा का हुआ जगह जगह स्वागत-** कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। उक्त कलश यात्रा में कथा पुराण और कथा व्यास आचार्य जैमिन शुक्ल को ओपन जीप में विराजित करते हुए शोभायात्रा के रूप में निकली। उक्त शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ धर्म पताका लहराते हुये महिलाओं द्वारा 1100 कलश लेकर यात्रा करते हुवे मंगलगीत गाकर गरबा नृत्य करते हुए पूरे नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। जिसका भव्य स्वागत नगरवासियों ने पुष्पवर्षा करते हुए किया।




**भोपाल प्रदेश शासन के मंत्री श्री विश्वास सारंग ने रविवार को श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आई.एम. बीजेपी फ्यूचर फोर्स के दो दिवसीय बूट कैंप के दूसरे दिन सत्र को संबोधित किया।**

# गुड़ी पड़वा की शुभकामनाओं के साथ मन की बात का 120 वा एपिसोड देखा

**बड़वाह -** चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के शुभ अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के बूथ क्रमांक 63 पर रवि ऐरन के निवास पर मन की बात का एपिसोड देखा और सुना।इस दौरान पीएम मोदी ने मन की बात के 120 वे एपिसोड कार्यक्रम की शुरुआत में सभी देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रधानमंत्री ने मन की बात कहते हुए बताया कि उन्हें अनेक भाषाओं में शुभकामना संदेश प्राप्त हुए हैं । जो भारत की विभिन्न संस्कृतियों को दर्शाता है। उन्होंने ने बच्चों के विषय पर चर्चा करते हुए बताया की परीक्षाएं समापन की ओर है एवं गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने हुनर को तराश सकते हैं, और अपने समय का बेहतर और भविष्य के लिए सकारात्मक रूप में उपयोग कर सकते हैं।



**हम हमारे आसपास करे जल संरक्षण-** प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि आज के समय में जल संरक्षण एक सबसे आवश्यक विषय बन चुका है । हमें हमारे भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विषय में सकारात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता है । हम हमारे आसपास किस तरह से जल का संरक्षण करे, हमें ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा पेरा गेम्स में हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। उन सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्होंने बधाइयां दी।

**स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता की प्रशंसा-** देश में संपन्न हुए फिट इंडिया कार्निवल के लिए पीएम ने सभी भाग लेने वाले देशवासियों को बधाई दी एवं देश के नागरिकों के स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता की प्रशंसा भी की । आपने बताया की विश्व के अनेक देश जैसे मॉरीशस, फिजी आदि देश में बसे भारतीय अभी भी अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं, विदेश में रहकर भी उनके रहन-सहन बोलचाल आदि भारतीय संस्कृति को पहचान को दर्शाता है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने टैक्सटाइल वेस्ट पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि अब इस तरह का वेस्ट दुनिया के लिए एक नया सर दर्द बन रहा है। सभी संवेदनशीलत देशों को आने वाले समय में इस गंभीर विषय पर मिलकर काम करना होगा । इससे पहले कि यह हमारे पर्यावरण के लिए नई परेशानी का सबब बने।उल्लेखनीय है कि नगर में अनेक बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ । जहा आयोजन की शुरुआत में प्रभारी के रूप में पधारे सुरेंद्र पडिया जन भागीदारी अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा एवं क्षेत्र में निवासरत भाजपा पदाधिकारी, मातृ शक्ति एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने इस शुभ अवसर पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मोदी जी की दूरदर्शिता एवं राष्ट्र के प्रति उनकी संवेदनशीलता की भूरी भूरी प्रशंसा की। संगठन के निर्देश पर प्रभारी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव के पत्र का वाचन भी किया गया ।जिसके सम्बन्ध में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गई ।इसी प्रकार बूथ क्रमांक 62 पर भी पीएम की मन की बात का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमे बुध 62 के अध्यक्ष कुणाल तिवारी ,युवा मोर्चा अध्यक्ष यश चौरसिया,रंजना कौशल, श्रीमती शकुंतला वर्मा सहित अनेक मातृशक्ति एवं भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वर्तमान समय मे आर्य समाज की भूमिका प्रासंगिक- सांसद गुप्ता

## धुमथाम से मना आर्य समाज स्थापना दिवस

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)।** आर्य समाज मंदसौर मै आर्य समाज स्थापना दिवस का एक सौ पचास वा वर्ष धुमथाम से मनाया गया प्रातः ध्वजारोहण हुआ तत् पश्चात ग्यारह कुण्डीय यज्ञ मोहन लाल पुष्प निम्बाहेड़ा के आचार्यत्व मे हुआ । आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा की महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना इस उद्देश्य की, समाज मे व्याप्त कुरीतियो को समाप्त करने का था और आर्य समाज आज भी अपने कार्य मे लगा है, जब सनातन पर संकट आता तो आर्य समाज ढाल बनकर खड़ा रहता। श्री गुप्ता ने कहा की वर्तमान समय मे देश सामाजिक विषमता के दौर से गुजर रहा हे ऐसे मै आर्य समाज और महर्षि दयानंद के सिद्धांत महत्वपूर्ण है। नीमच से आए। सहायक नारकोटिक्स कमिश्नर दिलीप पारीख ने कहा



की वेद के मार्ग पर चल कर ही मनुष्य का कल्याण संभव है, आने वाली पीढ़ी का चरित्र निर्माण आर्य समाज से जुड़कर ही संभव है, श्री पारीख ने कहा की वर्तमान समय मे समाज की नई पीढ़ी का दायित्व है की वे अपने बुजुर्गो की विरासत को ईमानदारी से बढ़ाये अन्यथा मनुस्मृति के अनुसार दण्ड का भागी बनना पड़ेगा। नगर पालिकाध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने कहा कि गुड़ी पढ़वा सृष्टी उत्पति का पर्व है इसे नगर की सभी संस्थाऐ मिलकर मनाये ऐसा प्रयास हो,विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, युवा भाजपा नेता राजेश गुर्जर ने भी आर्य समाज स्थापना और नव वर्ष की बधाई समाजजनो को दी। सुरेंद्र व , सुधा कुर्मी ,रीना शर्मा और सोनी दीदी के भजनो के साथ पं रामनारायण गन्धर्व और प्रकाश गन्धर्व की संगत ने श्रोताओ को मंत्र मुग्ध कर दिया। अतिथियो का स्वागत रमेश चंद्र राव ,रामनारायण चौधरी, रविन्द्र शर्मा, महेश शर्मा ,डालूराम लिलोरिया, सुर्य प्रकाश गुप्ता ,सुनील गुप्ता, सुधीर शर्मा,प्रमोद गुप्ता,गायत्री प्रसाद शर्मा, दयानंद आर्य, वेद प्रकाश आर्य,योगेश जैन, सुधा कुर्मी, आशा रानी शर्मा , सुधा शर्मा, समता गुप्ता , आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान मधुसूदन आर्य ने किया आभार मंत्री राजेश पालीवाल ने माना।